सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-6	विषय: रामायण	पाठ: अरण्यकांड

(अरण्यकांड)

१.(विराध) ने राम के हाथों से मोक्ष पाने के लिए उनके चरणों में मस्तक झुकाया।

२.राम वहाँ से (शरभंग)मुनि के आश्रम में पहुँचे।

३. राक्षसों ने चित्रकूट ,पंपा सरोवर (तुंगभद्रा) तथा (मंदाकिनी) नदी के तट पर रहने वाले हजारों मुनियों का संहार किया है।

४. राम ,लक्ष्मण और सीता मुनि (सुतीक्ष्ण)के आश्रम में पहुंँचे।

५.(गोदावरी)नदी के तट पर राम लक्ष्मण ने अपना आश्रम बना लिया।

६. राम ने (चौदह हजार) राक्षसों सहित खर -दूषण और त्रिशिरा को मौत के घाट उतार दिया।

७. रावण के कहे अनुसार, (मारीच) ने मृग का रूप धारण कर लिया।

८. सीता ने वृक्ष पर बैठे (गिद्धराज) जटायु को देखा।

९. (क्रौंचारण्य) को पार कर भी जब आगे बढ़े तो (अयोमुखी) नामक राक्षसी उन पर टूट पड़ी।

१०. उस राक्षस का मुख भी धड़ में ही था इसलिए वह (कबंध) कहलाता था।

११) पंपा सरोवर के निकट (मतंग ऋषि)के आश्रम में शबरी रहती हैं।

१२. (शबरी) ने राम से अनुमति लेकर शरीर त्याग दिया।

प्रश्न उत्तर

प्रश्न १) विराध कौन था?

उत्तर- विराध एक भयंकर, कुरूप तथा पर्वत के समान ऊँचा राक्षस था।

प्रश्न २) शूर्पणखा ने राम और लक्ष्मण से क्या निवेदन किया?

उत्तर- शूर्पणखा ने राम और लक्ष्मण से विवाह करने का निवेदन किया।

प्रश्न ३) खर -दूषण कौन थे?

उत्तर- खर- दूषण शूर्पणखा के सौतेले भाई थे।

प्रश्न ४) मारीच ने सीता हरण में रावण की किस प्रकार सहायता की?

उत्तर मारीच ने सीता हरण में स्वर्णिम मृग बनकर की रावण की सहायता की।

प्रश्न ५) पंपा सरोवर के समीप ऋष्यमूक पर्वत पर कौन रहता था?

उत्तर - पंपा सरोवर के समीप ऋष्यमूक पर्वत पर सुग्रीव नाम का एक वानर अपने मंत्रियों के साथ रहता था।

प्रश्न ६) शबरी कौन थी?

उत्तर शबरी एक सिद्ध्ध तपस्विनी तथा राम की अनन्य भक्त थी।

प्रश्न ७) अगस्त ऋषि ने अपने आश्रम में श्री राम को कौन-कौन से अस्त्र दिए?

उत्तर- अगस्त ऋषि ने श्री राम को विष्णु का दिया हुआ अलौकिक धनुष, ब्रह्मा जी के दिए हुए अमोघ बाण,कभी ना खाली होने वाली इंद्र के तरकश तथा सोने की दिव्य तलवार दी।